सलोनी हार्ट सेंटर हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है : सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ (एजेंसी)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), लखनऊ में एसबीआई फाउंडेशन आईसीयू प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। यह प्रोजेक्ट सलोनी हार्ट सेंटर में संचालित होगा, जो बच्चों की जन्मजात हृदय बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित है। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन ने लगभग 10 करोड़ रुपए का सहयोग प्रदान किया। इस राशि से सेंटर को आधुनिक उपकरणों और आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बच्चों के हृदय रोगों के लिए उच्च स्तरीय उपचार सुविधा की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। ऐसे में सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व शुभारंभ किए गए इस सेंटर में अब तक 300 से अधिक बच्चों की हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी है। हार्ट सेंटर का पहला चरण पूर्णतः क्रियाशील है, जबकि दूसरे चरण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। सीएम योगी ने सलोनी हार्ट फाउंडेशन की संचालक दंपति

मिली सेठ एवं हिमांशु सेठ के प्रयासों की सराहना की, साथ ही एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर प्रदेश के हजारों परिवारों के जीवन में नई उम्मीद का संचार कर रहा है।

यह पहल 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का प्रत्यक्ष सुफल है और बच्चों के जीवन की रक्षा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश ने पूर्व में इंफेफेलाइटिस जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है और अब बच्चों के हृदय रोगों के उपचार में भी ठोस प्रगति हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एसबीआई फाउंडेशन का यह सहयोग सलोनी हार्ट सेंटर को और अधिक क्षमता सम्पन्न बनाएगा और आने वाले समय में बच्चों के जीवन की रक्षा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस अवसर पर एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ. आरके. धीमान ने मुख्यमंत्री को हार्ट सेंटर की स्थापना से लेकर अब तक की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी भी दी।

योगी सरकार के प्रयासों से देश-विदेश में बन रहे रोजगार के अवसर

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक पहल कर रही है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग ने जिस दूरदर्शिता से रोजगार सृजन की बहुआयामी रणनीति अपनाई है, रोजगार को लेकर प्रदेश सरकार की नीति अब सिर्फ स्थानीय नौकरियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की शुरुआत की है। मिशन के मुख्य उद्देश्यों में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रोजगार के अवसरों को पता लगाना, स्किल गैप का अध्ययन कर उसको दूर कराना, रोजगार कार्यक्रम संचालित करना, करियर काउंसलिंग कराना तथा राज्य के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं अल्प रोजगार युवाओं को पोस्ट प्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान करना है, जिससे घरेलू एवं विदेशी प्लेसमेंट द्वारा राज्य सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो। विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से युवाओं को प्रोफेशनल रूप से तैयार किया जाएगा तथा बाजार मांग के अनुरूप ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे। इस अभियान को और विस्तार देते हुए प्रदेश सरकार ने जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भी नर्सों, केयर गिवर्स, ड्राइवरों और निर्माण श्रमिकों की मांग प्राप्त की है। इसमें लगभग 1.50 लाख रुपये तक का वेतन मिलेगा, साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न सेक्टर की रिक्तियों की प्राप्ति सम्भावित है। श्रम विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है ताकि उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सम्मानजनक और बेहतर वेतनमान वाली नौकरियां मिल सकें। यह पहल युवाओं को विदेश जाने का सुरक्षित और कानूनी विकल्प उपलब्ध कराकर अवैध माध्यमों पर भी रोक लगाने में सहायक है। रोजगार सृजन को लेकर प्रदेश सरकार की दूसरी बड़ी उपलब्धि रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाना है। 1 अप्रैल 2017 से लेकर 30 अप्रैल 2025 तक सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित 10,830 रोजगार मेलों के माध्यम से 13,64,501 अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में नौकरियां मिली हैं।

कब्जामुक्त कराएं गरीब की जमीन, दबंगों पर हो कानून सम्मत कड़ा एक्शन : मुख्यमंत्री योगी

गोरखपुर (एजेंसी)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन के दौरान कई जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद अधिकारियों को इन समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश देते हुए सीएम योगी ने कहा कि सरकार सबके जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जनता दर्शन में सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी गरीब की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सोमवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न जिलों से आए करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक महिला ने दबंग द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए।

उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए ने एक योग्य उम्मीदवार दिया : ब्रजेश पाठक

लखनऊ (एजेंसी)

एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है। उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद

सीपी राधाकृष्णन को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुभकामनाएं दीं। बातचीत में उन्होंने कहा कि एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार राधाकृष्णन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे नेतृत्व का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं। उन्होंने कहा कि एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए एक योग्य उम्मीदवार दिया है। बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, राष्ट्रसेवा, जनसेवा के लिए समर्पित, कर्मठ एवं अनुभवशील व्यक्तित्व के धनी, वरिष्ठ नेता, तमिलनाडु भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल राधाकृष्णन को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित होने पर हार्दिक बधाई एवं विजय की अग्रिम शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति आपका समर्पण एवं अनुभव निश्चित रूप से देश को आत्मनिर्भर, सशक्त, और विकसित भारत की दिशा में उच्चतम शिखर तक पहुंचाएगा। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले राजनेता जिन्होंने कई राज्यों के राज्यपालों सहित अनेक महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

आपका राष्ट्रहित में समर्पण, दूरदर्शी नेतृत्व एवं निरंतर सेवाभाव निश्चय ही भारत को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान करेगा। बता दें कि उपराष्ट्रपति पद से जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद पद रिक्त हुआ था। इस पद पर 17 अगस्त को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है।

नोएडा में बड़ा हादसा, सीवर टैंक की सफाई के दौरान दो सफाईकर्मियों की मौत

नोएडा (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के नोएडा में दुखद हादसा हुआ, जिसमें सीवर टैंक की सफाई कर रहे दो प्राइवेट सफाईकर्मियों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा थाना सेक्टर-113 एरिया में स्थित एक सीवेज पंपिंग स्टेशन पर हुआ। जानकारी के अनुसार, नोएडा अथॉरिटी की ओर से शनिवार को सीवर टैंक की सफाई के लिए दो प्राइवेट सफाईकर्मियों को बुलाया गया था। जैसे ही दोनों सफाईकर्मी टैंक की सफाई के लिए अंदर उतरे, जहरीली गैस की वजह से बेहोश हो गए और उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया, लेकिन तब तक दोनों की जान जा चुकी थी। मृतकों की पहचान खुशहाल (24) पुत्र अमर सिंह और विकास (26) पुत्र रामप्रसाद के रूप में हुई है। दोनों मूलरूप से ग्राम महुआखेड़ा, अलीगढ़ के रहने वाले थे और वर्तमान में ग्राम बरौला, थाना सेक्टर-49, नोएडा में रह रहे थे। डीसीपी नोएडा ने बताया कि यह हादसा नोएडा सेक्टर-115 में बने सीवेज पंपिंग स्टेशन पर हुआ है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों के शवों को टैंक से बाहर निकाला गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो ठेकेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि सफाई कार्य के दौरान सेफ्टी उपकरण नहीं दिए गए और पूरी प्रक्रिया में लापरवाही बरती गई, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद से स्थानीय लोगों और मृतकों के परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अराजकता फैलाते हैं : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए वोट चोरी आरोप को बेतुका करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर अराजकता फैला रहे हैं।

रविवार को चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी को हलफनामा देने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम दिए जाने को मौर्य ने बिलकुल सही बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं, वो सही नहीं है। उन्होंने कहा कि हर प्रक्रिया की एक निश्चित प्रक्रिया होती है। अगर किसी राजनीतिक दल को मतदाता सूची प्रकाशन और संशोधन पर आपत्ति है, तो वह आधिकारिक तौर पर इसे उठा सकता है। लेकिन, राहुल गांधी देश में अफवाहें फैला रहे हैं। उनका आचरण न तो लोकतांत्रिक

है और न ही संवैधानिक, बल्कि पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना है। विपक्ष के नेता जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह की हरकतें निंदनीय हैं। एनडीए द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर कहा कि मैं इसका स्वागत करता हूं और राधाकृष्णन को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को आदिवासी समुदाय से एक राष्ट्रपति मिला है और अब ओबीसी वर्ग से एक उपराष्ट्रपति होगा। यह बहुत बड़ा संदेश है, वह दक्षिण भारत से आते हैं। एनडीए ने जो फैसला लिया है, यह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देता हूं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले राजनेता जिन्होंने कई राज्यों के राज्यपालों सहित अनेक महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

बिहार के 'जननायक' सिर्फ कर्पूरी ठाकुर, कांग्रेस अब टाइटल भी चोरी करने लगी : संजय झा

गया (एजेंसी)

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इन दिनों बिहार में वोटर अधिकार यात्रा पर हैं। इस बीच, कांग्रेस द्वारा उन्हें 'जननायक' बताए

जाने पर जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने जोरदार तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ये लोग वोट चोरी की बात कर रहे हैं लेकिन अब तो कांग्रेस टाइटल भी चोरी करने लगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 22 अगस्त को गयाजी आगमन की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि बिहार के एक ही जननायक हैं, वे हैं कर्पूरी ठाकुर। अब कांग्रेस उनका टाइटल चोरी कर रही है। बिहार में जब भी जननायक की बात आई, कर्पूरी ठाकुर का नाम आया। उन्होंने आगे कहा कि इस साल बिहार में होने वाला चुनाव केवल अगली पांच वर्ष की सरकार चुनने का चुनाव नहीं है बल्कि अगले 25 वर्ष के बिहार के भविष्य का चुनाव होगा। बिहार अगले 25 वर्ष में आगे बढ़ेगा या पीछे लौटेगा, उसका चुनाव होगा। बिहार 25 साल में कहां खड़ा होगा, यह चुनाव तय करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार को बहुत दिनों के बाद डबल इंजन की सरकार का मौका मिला है। केंद्र में नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार है। इसका नतीजा भी दिख रहा है। आज केंद्र सरकार से बिहार को पूरी मदद मिल रही है। कांग्रेस के नेता भी कहते हैं कि केंद्र का बजट बिहार को केंद्र में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का 22 अगस्त को गयाजी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना अच्छा कदम : संजय झा

पटना (एजेंसी)

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता संजय झा ने सीपी राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जाहिर की। बातचीत में कहा कि राधाकृष्णन दक्षिण भारत से आते हैं। हमारी पार्टी उनका स्वागत करती है। वे पिछड़े वर्ग से भी हैं और हमारे नेता नीतीश कुमार हमेशा से ही समावेशी विकास की बात करते हुए आए हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर सीपी राधाकृष्णन देश के अगले राष्ट्रपति बनेंगे। हमारी तरफ से उन्हें बहुत बहुत शुभकामनाएं हैं।

सामाजिक व्यवस्था को देखते हुए जिस तरह से प्रधानमंत्री ने उनके नाम की घोषणा की है, उसका मैं स्वागत करता हूं। मैं समझता हूं कि उनका उपराष्ट्रपति बनना देश के लिए गौरव का विषय होगा। इसके अलावा, उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण को

लेकर भी अपनी बात रखी और कहा कि बिहार में इसे लेकर किसी भी प्रकार का रोष नहीं है। वहां के लोग इस पर आपत्ति नहीं जता रहे हैं। लेकिन, मैं देख रहा हूं कि दिल्ली में इसे लेकर कई राजनेताओं को मिर्ची लगी हुई है। वो इसका विरोध कर रहे हैं। आखिर यह सब क्या हो रहा है। यह निश्चित तौर पर राजनीति से प्रेरित कदम है। उन्होंने कहा कि अगर मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत फर्जी मतदाताओं को चिन्हित करके उन्हें मताधिकार से वंचित किया जा रहा है, तो क्या गलत हो रहा है। क्या अब फर्जी मतदाताओं को भी मतदान का अधिकार देंगे। बिल्कुल नहीं देंगे। मैं देख रहा हूं कि बिहार में लोग बोर्ड लगाकर कह रहे हैं कि जननायक आ रहे हैं। मैं ऐसे लोगों को कहना चाहूंगा कि जननायक सिर्फ एक ही हुए हैं और उनका नाम कर्पूरी ठाकुर हैं। जब भी आप जननायक कहेंगे, तो निश्चित तौर पर इसे कर्पूरी ठाकुर से जोड़ा जाएगा और इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि कांग्रेस ने कर्पूरी ठाकुर को प्रताड़ित किया। उन्हें सलाखों के पिछे रखा।

संजय झा ने आगे कहा कि ये लोग वोट चोरी का जिक्र कर रहे हैं। लेकिन, इस बात को भूल रहे हैं कि बिहार में राजद और कांग्रेस के शासनकाल में वोट चोरी होती थी। बिहार की जनता अभी-भी वो दौर भूली नहीं है। वो तो ईवीएम आने के बाद सुधार हुआ है, जब गरीबों को मतदान का अधिकार प्राप्त हुआ। मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इन लोगों को बिहार से कोई लेना देना नहीं है।

धर्म पूछकर युवक को पीटने का आरोप, वीडियो सामने आते ही मचा बवाल

गोपालगंज (एजेंसी)

गोपालगंज जिले के थावे थाना क्षेत्र में एक बार फिर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश का मामला सामने आया है। 12 अगस्त को चितु पूलक निवासी बिगू कुमार साह ने आरोप लगाया कि बायपास सड़क से जाते समय इरफान और उसके आठ से दस साथी उसे जबरन उठाकर फतहा दरगाह ले गए और वहां धर्म पूछकर बेरहमी से पीटा। इतना ही नहीं, आरोपियों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। पीड़ित ने नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि जिस आईडी से घटना का वीडियो वायरल किया गया है, उस पर पहले से भी कई ऐसे वीडियो मौजूद हैं, जिनमें धर्म पूछकर युवकों से मारपीट की घटनाएं दर्ज हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद पूरे जिले में तनाव का माहौल पैदा हो गया। विभिन्न संगठनों और नेताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

(Under CIRP of IBC 2016)

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट संख्या 15-बी, जी.टी. रोड, चौमौ मोड़, गाजियाबाद-201001
सीआईएन: L51109UP1972PLC003544 वेबसाइट: www.alpsindustries.com
ईमेल आईडी: ajaygupta@alpsindustries.com फोन: 0120-4161718

वीसी/ओएवीएम और ई वोटिंग के माध्यम से बुक क्लोजर और 53वीं एजीएम के लिए सूचना

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि आल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सदस्यों की तिरपनवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 30 सितंबर 2025 को अपराह्न 3:00 बजे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना साधारण और विशेष व्यवसाय के संचालन के लिए आयोजित की जाएगी, जैसा कि उक्त बैठक की सूचना में निर्धारित है। तिरपनवीं वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में आयोजित मानी जाएगी, जो एजीएम का स्थल माना जाएगा। एमसीए/सेबी परिपत्रों के अनुसार, कंपनी एजीएम के समय सदस्यों को नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर वोट देने के लिए रिमोट ई-वोटिंग या ई-वोटिंग प्रदान करेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी के उन सभी सदस्यों की इलेक्ट्रॉनिक मोड में भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं इसलिए, सदस्यों को अपने डीपी/आर एंड टी मेसर्स अलॉकिया असाइनमेंट्स लिमिटेड के साथ अपनी ईमेल आईडी 21.08.2025 तक या उससे पहले अपडेट कर लेनी चाहिए ताकि कंपनी नीचे दी गई प्रक्रियाओं के अनुसार अपने अधिकतम सदस्यों को ईमेल भेज सके। कंपनी का नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.alpsindustries.com और स्टॉक एक्सचेंजों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर अपलोड की जाएगी। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के अनुसार, आपको सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्य रजिस्टर/शेयर हस्तांतरण बही बुधवार, 10 सितंबर, 2025 से गुरुवार, 11 सितंबर, 2025 (दोनों दिन सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

वार्षिक आम बैठक की सूचना, वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 और/या वार्षिक आम बैठक में शामिल होने के लिए लॉग इन क्रेडेंशियल प्राप्त करने हेतु ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का तरीका:-

भौतिक होल्डिंग: सदस्य निम्नलिखित विवरणों के साथ कंपनी को ajaygupta@alpsindustries.com और rta@alankit.com पर ईमेल भेज सकते हैं:

आपके नाम, पता, फोलियो संख्या, सदस्यों द्वारा धारित शेयरों की संख्या, शेयर प्रमाणपत्र संख्या, ईमेल पता और मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की गई प्रति, साथ ही स्व-प्रमाणित आधार कार्ड और पैन कार्ड की स्कैन की गई प्रति।

डीमैट होल्डिंग: संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ पंजीकरण/अपडेट करना होगा। इसके लिए विस्तृत प्रक्रिया बैठक की सूचना में उपलब्ध है। मंगलवार 23 सितंबर, 2025 को कट-ऑफ तिथि के अनुसार भौतिक या डीमैट रूप में शेयर रखने वाले कंपनी के सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एल्प्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
(अजय गुप्ता)
स्थानः गाजियाबाद
दिनांकः 18 अगस्त, 2025 कंपनी सचिव एवं सहायक उपाध्यक्ष-विधि

बलिया में स्कूल से घर लौट रही छात्रा से दुष्कर्म, मामला दर्ज

बलिया (एजेंसी)

बलिया जिले में स्कूल से घर लौट रही एक छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना 15 अगस्त की है जब बैरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी 12वीं कक्षा की छात्रा स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रही थी। उसने बताया कि तभी उसके गांव का ही निवासी अमरजीत सिंह (35) छात्रा को जबरन अपने फार्म हाउस में ले गया और उससे कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस के अनुसार अमरजीत सिंह और उसके चाचा गौतम सिंह (55) छात्रा को जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।

मुख्यमंत्री नीतीश ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए दी शुभकामनाएं, जदयू के समर्थन की पुष्टि की

पटना (एजेंसी)

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी और जनता दल (यूनाइटेड) के समर्थन की बात कही।

सी.पी. राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। इस निर्णय का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट में लिखा, महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को एनडीए के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने के निर्णय का स्वागत है। जदयू सी.पी.

राधाकृष्णन जी का समर्थन करेगा। उन्हें शुभकामनाएं। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद से यह पद खाली है। अब एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रविवार शाम इसका ऐलान किया। इस निर्णय के बाद एनडीए में शामिल दलों के नेताओं की तरफ से राधाकृष्णन को शुभकामनाएं दी जा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ओर से सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी और जनता दल (यूनाइटेड) के समर्थन की बात कही

रही हैं। इससे पहले शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'एक्स' पर लिखा, शिवसेना पार्टी की ओर से, मैं आदरणीय राधाकृष्णन की उम्मीदवारी को समर्थन देने की घोषणा करता हूं, जिन्हें एक सांसद के रूप में संसदीय कार्यों का लंबा अनुभव है और एक राज्यपाल के रूप में प्रशासनिक कार्यों का गहन ज्ञान है। उन्होंने आगे कहा, राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में चुनकर, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राजनीतिक क्षेत्र में एक अनुभवी, बुद्धिमान, ईमानदार और देशभक्त व्यक्तित्व को सम्मान दिया है।

साथ ही, उपराष्ट्रपति पद के लिए नामांकन पर हार्दिक बधाई। चूंकि इस चुनाव में उनकी जीत निश्चित है, मैं शुभकामनाएं देता हूं कि उपराष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल सफल हो और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनका कार्यकाल बेहतरीन हो। एनसीपी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी एक्स पर लिखा, महाराष्ट्र के वर्तमान राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन जी को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर बधाई।